>

Title: Need to ensure construction of roads as per specified norms in Narsinghpur in Hoshangabad Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh under North-South Corridor Project.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): मैं भारत की लोक महत्व की महत्वपूर्ण समस्या की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। देश की चारों दिशाओं को जोड़ने वाली महती सड़क परियोजना के उत्तर-दक्षिण कारीडोर जो मेरे संसदीय क्षेत्र नरसिंगपुर, मध्य प्रदेश से होकर गुजरता है,में हो रही गंभीर अनियमितताओं एवं परियोजना से जुड़ी विदेशी कंपनी के पैकेज क्र. सी-5, सी-6, सी-9 में भारी गुणवत्ता की कमी है। साथ ही निर्धारित समयावधि में भी यह कार्य नहीं हो पा रहा है तथा अनेक जगह सड़क को जस की तस हालत में छोड़ दिया गया है जिससे आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों को मौत हो रही है। प्रोजेक्ट में गुणवत्ता पर निगरानी हेतु कार्यरत कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य स्वयं सम्पादित किए जा रहे हैं जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

सेंग यांग कंपनी के खनिजों के अवैध उत्खनन, पेटी पर छोटे ठेकेदार को दिए गए कामों का करोड़ों में लंबित भुगतान एवं साथ ही अनेक जगह अधिगृहित भूमि को छोड़कर नए स्थान पर सड़क निर्माण से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही है।

भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त उत्तर-दक्षिण कारीडोर का निर्माण समय पर हो, गुणवत्तापूर्ण हो, स्थानीय पेटी ठेकेदारों का भुगतान तत्काल हो, अधिगृहीत भूमि पर ही सड़क निर्माण हो ऐसी अपेक्षा है।